बेतवांचल

नवभारत
भोपाल, शनिवार 27 दिसम्बर, 2025



# खनिज माफियाओं ने रेत उत्खनन का खुला खेल किया शुरू

**खास बातें**

- 5 हजार में भर रहे 1 ट्राली रेत, ले रहे न पकड़ने की गारंटी
- तहसील कार्यालय के सामने से दिन-दहाड़े निकल रहीं दर्जनों ट्रालियां
- शहर के बीच में से निकल रहे मुरम से भरे डंपर



नवभारत न्यूज

**विदिशा 26 दिसम्बर, नदियों से पानी कम हो चला है जिसके बाद रेत माफियाओं ने रेत उत्खनन का काम शुरू कर दिया है. विदिशा के आसपास समेत नटेरन इलाके में रेत का उत्खनन शुरू हो गया है. बड़े पैमाने पर रेत का कारोबार चल रहा है. जहां अधिकांश काम रात के समय होता है तो वहीं इसी नटेरन विदिशा रोड़ पर एक गांव से रेत निकाली जा रही है.**

जानकारों की मानें तो खनिज माफियाओं के हौसले इतने बुलंद हो चले हैं कि 5 हजार रुपए में एक ट्राली रेत भर रहे हैं साथ ही यह गारंटी भी ले रहे हैं कि उनके से भरी गई ट्राली को कोई नहीं पकड़ेगा. दूसरी तरफ विदिशा के मिर्जापुर, कराखेड़ समेत आसपास के इलाकों से निकाली गई लाल मुरम को भी बैस नदी के आसपास ठिकाने लगाया जा रहा है.दिन में करीब 20 से 30 डंपर निकाले जा रहे हैं जो मेन रोड से निकल रहे हैं बताया गया कि कुछ खनिज माफियाओं ने बारिश के पहले लाल मुरम का स्टाक कर लिया था जिसे अब ठिकाने लगाया जा रहा है. इसी तरह नटेरन तहसील मुख्यालय से 5 किलोमीटर दूर काशीराम खेजड़ा घाट पर पनडुब्बी द्वारा लोकल रेत निकली जा रही है इन दिनों कानून और प्रशासन की खुलेआम धज्जियां उड़ाई जा रही हैं.तहसील कार्यालय के ठीक सामने से अवैध रेत से भरी दर्जनों ट्रालियां दिन-दहाड़े बेरोकटोक निकल रही हैं, लेकिन जिम्मेदार अधिकारी और प्रशासनिक अमला पूरी तरह मौन साधे हुए है.सबसे चौंकाने वाली बात यह है कि यह अवैध रेत उत्खनन कोई छिपा हुआ खेल नहीं, बल्कि तहसील मुख्यालय के सामने खुलेआम चल रहा है. इसके बावजूद न तो खनन विभाग की कोई कार्रवाई दिख रही है, न ही राजस्व, पुलिस या तहसील प्रशासन की सक्रियता नजर आ रही है.

### जनता में आक्रोश, जवाब मांग रहा नटेरन

स्थानीय लोगों में इस पूरे मामले को लेकर गहरा आक्रोश है। लोगों का कहना है कि यदि तहसील मुख्यालय के सामने ही अवैध खनन रोका नहीं जा सकता, तो ग्रामीण इलाकों में कानून का क्या हाल होगा. क्षेत्रवासियों ने कलेक्टर, एसपी और खनन विभाग के वरिष्ठ अधिकारियों से तत्काल हस्तक्षेप की मांग की है। लोगों का कहना है कि यदि जल्द ही सख्त कार्रवाई नहीं की गई, तो आंदोलन का रास्ता अपनाया जाएगा.अब बड़ा सवाल यह है कि क्या नटेरन प्रशासन अवैध रेत माफिया पर लगाम लगाएगा, या तहसील मुख्यालय यूं ही माफिया का गढ़ बना रहेगा. तहसीलदार आनंद जैन का कहना है कि परमीशन हमारे यहां से नहीं होती यह खनिज विभाग का काम है जानकारी मिली है खनिज विभाग को सूचित कर कार्यवाही कराएंगे.

### प्रशासनिक संरक्षण में फल-फूल रहा अवैध कारोबार?

स्थानीय नागरिकों का आरोप है कि अवैध रेत उत्खनन बिना किसी संरक्षण के संभव नहीं है. जब तहसील कार्यालय के सामने से रोजाना ट्रालियां गुजर रही हैं, तो अधिकारियों को इसकी जानकारी न होना अविश्वसनीय है. इससे प्रशासन की भूमिका पर गंभीर सवाल खड़े हो रहे हैं.क्या अवैध रेत माफिया को प्रशासनिक संरक्षण प्राप्त हैक्या शासन के नियम केवल कागजों तक सीमित रह गए हैं.

### पर्यावरण और राजस्व दोनों को भारी नुकसान

अवैध रेत उत्खनन से क्षेत्र की नदियों और प्राकृतिक संसाधनों का भारी दोहन हो रहा है. इससे जहां पर्यावरण संतुलन बिगड़ रहा है, वहीं शासन को लाखों-करोड़ों रुपये के राजस्व का नुकसान हो रहा है.इसके अलावा, अवैध खनन से क्षेत्र में दुर्घटनाओं का खतरा भी बढ़ गया है. भारी-भरकम ट्रालियों की आवाजाही से आम नागरिकों की जान जोखिम में पड़ रही है.



## पुरानी मंडी सर्विस रोड पर अव्यवस्था बनी जानलेवा, दो व्यापारी हुए घायल

नवभारत न्यूज

**विदिशा 26 दिसम्बर,** पुरानी कृषि उपज मंडी क्षेत्र में ओवरब्रिज की थर्ड लेग सर्विस रोड पर फैली अव्यवस्था अब व्यापारियों की जान के लिए खतरा बनती जा रही है.बीच सड़क पर लगी विद्युत डीपी, बिजली व टेलीकॉम खंभों, टूटे तारों, अतिक्रमण और जर्जर सड़क के कारण बीते दिनों दो अनाज व्यापारी गंभीर दुर्घटनाओं का शिकार हो गए, लेकिन एक सड़क पर वर्षों से अतिक्रमण फैला है. इस मार्ग पर कृषि उपकरण निर्माण का कार्य, ऑटो खड़े रहना और ठेले लगने से यातायात पूरी तरह बाधित है. परिणामस्वरूप सारा आवागमन एक ही सड़क से होता है, जहां बीच सड़क पर विद्युत डी.पी. और खंभे लगे हुए हैं. इन्हीं समस्याओं को लेकर एसडीएम को अनाज तिलहन व्यापार संघ ने ज्ञापन सौंपा.इसी मार्ग पर हाल ही में एक अनाज व्यापारी मिर्जापुर नई मंडी में नीलामी में शामिल होने जा रहा था.इसी दौरान सड़क किनारे स्थित कृषि उपकरण बनाने वाले दुकानदार द्वारा दुकान से लोहे की लंबी रॉड बाहर निकाले जाने से व्यापारी उससे टकरा गया.हादसे में व्यापारी की नाक और जबड़े की हड्डी टूट गई तथा अत्यधिक रक्तस्राव हुआ. उसे तत्काल अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां उपचार जारी है.अनाज तिलहन व्यापार उत्थान कल्याण संघ ने बताया कि इस समस्या को लेकर वे कई बार मौखिक व लिखित रूप से कृषि उपज मंडी समिति और जिला प्रशासन को अवगत करा चुके हैं, लेकिन अब तक कोई ठोस कार्यवाही नहीं की गई. इससे व्यापारियों में आक्रोश है.

## धनुष यज्ञ व लक्ष्मण परशुराम संवाद का भव्य मंचन

नवभारत न्यूज

**सांची,** रामलीला के क्रम में आज धनुष यज्ञ एवं लक्ष्मणङ्कपरशुराम संवाद का भव्य मंचन किया गया.जैसे ही भगवान राम द्वारा शिव धनुष भंग किया गया, पूरा मैदान जयकारों से गूंज उठा.लक्ष्मण और परशुराम के संवाद ने दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया.कलाकारों के सशक्त अभिनय और संवाद अदायगी ने मंचन को जीवंत बना दिया.रामलीला मैदान खचाखच भरा रहा और भारी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित रहे.

## रक्त सेवा समिति का परिवार मिलन व कार्यकर्ताओं का सम्मान समारोह

नवभारत न्यूज

**गंजबासौदा,** स्थानीय वेदांत आश्रम जीवाजीपुर में रक्त सेवा समिति का वार्षिक परिवार मिलन समारोह व वरिष्ठ कार्यकर्ताओं का सम्मान समारोह आयोजित किया गया. इस अवसर पर सेवा समिति के 25 वर्षों के उत्कृष्ट कार्यों की एक पत्रिका जीवन लय का लोकार्पण किया गया. कार्यक्रम का शुभारंभ विश्व हिंदू परिषद के केंद्रीय अधिकारी शिव नारायण सिंह, समिति के संस्थापक राजेश तिवारी, वेदांत आश्रम के महंत हरिहर दास , नपा अध्यक्ष शशि अनिल यादव, वरिष्ट समाजसेवी कांति भाई शाह, विमल चंद्र ओसवाल ने भारत माता के चित्र पर दीप प्रज्वलित कर विधि विधान से पूजन अर्चन के साथ किया.शुभारंभ के अवसर पर वेदांत आश्रम के बटुकों ने वेद मंत्र उच्चारित किए.आयोजित भव्य आयोजन में समिति के वरिष्ट सदस्य अयोध्या प्रसाद दीक्षित, महेंद्र जैन बड़कुल, ऋषभ कुमार जैन, का सम्मान किया गया. तत्पश्चात बेतवा की राहें पुस्तक के विशेषांक जीवन लय का लोकार्पण उपस्थित अतिथियों ने किया. कार्यक्रम के मुख्य अतिथि विश्व हिंदू परिषद के केंद्रीय अधिकारी शिवनारायण सिंह ने कहा कि क्षेत्र में सेवा समिति का कार्य अनुकरणीय है. वेदांत आश्रम के महंत हरिहर दास ने कहा कि समिति के संस्थापक श्री तिवारी ने रक्त सेवा समिति के माध्यम से तो समाज सेवा की ही अपितु विश्व हिंदू परिषद सहित अनेक माध्यमों से सेवा कार्य किया है. स्वागत भाषण समिति के सचिव अनिल दुवे के द्वारा किया गया. कार्यक्रम का संचालन रविन्द्र जैन ने किया तो आभार व्यक्त समिति के अध्यक्ष राकेश जैन विद्युत के द्वारा व्यक्त किया गया.

## जो अपना धर्म छोड़कर अन्य धर्म अपना रहे, उनको आरक्षण की प्रक्रिया खत्म की जाएगी- कानूनगो

नवभारत न्यूज

**विदिशा,** शुक्रवार दोपहर करीब 2 बजे मानवाधिकार आयोग सदस्य प्रियंक कानूनगो विदिशा आए. जहां उन्होंने नीमताल गांधी चौक पर एक महीने से धरने पर बैठे नगर पालिका के पार्षदों से चर्चा की. इस दौरान उन्होंने क्रिसमस पर हुए आयोजन में धर्म परिवर्तन पर अपनी बात रखी.इस दौरान मानव अधिकार आयोग के सदस्य प्रियंका ने इस घटनाक्रम पर तीखी प्रतिक्रिया दी है. उन्होंने कहा कि सरकारों ने इस मामले में सख्त निर्देश दिए हैं कि ऐसा करने वाले व्यक्तियों पर कड़ी कार्रवाई की जाए.साथ ही जो व्यक्ति धर्म परिवर्तन कर दूसरे धर्म में जा रहा है और वह आरक्षण का लाभ ले रहा है, तो उसकी आरक्षण की प्रक्रिया खत्म कर दी जाएगी.यह कानून में स्पष्ट निर्देश है उन्होंने संबंध में जिला प्रशासन और पुलिस से भी कार्रवाई करने के संबंध में नोटिस जारी किया है.मालूम हो कि गुरुवार को विदिशा के सिविल लाइन थाना क्षेत्र के अंतर्गत बड़ी संख्या में आरक्षित वर्ग की महिलाओं और पुरुषों को ईसाई धर्म के अंतर्गत कुछ गतिविधि करने का आरोप विश्व हिंदू परषिद ,बजरंदल के कार्यकर्ताओं ने लगाया था.इस मामले में पुलिस अपनी जांच कर रही है.




## नगरपालिका परिषद कर रही अच्छा काम-विधायक




नवभारत न्यूज

**विदिशा,** नगरपालिका द्वारा आपकी नगरपालिका आपके द्वार कार्यक्रम के तहत वार्ड 13,14 के वार्डों का पेढ़ी चौराह पर जनसमस्या निवारण शिविर का आयोजन किया गया.शिविर में नगरवासियों की विभिन्न समस्याओं का कुछ का मौके पर ही निराकरण किया गया. शिविर में नगर के विभिन्न वार्डों से बड़ी संख्या में नागरिक उपस्थित हुए.शिविर के दौरान पेयजल, सफाई, मजदूरी कार्ड, सड़क, विघुत व्यवस्था, प्रधानमंत्री आवास योजना एवं प्रदेश सरकार की योजनाएँ, पेंशन, आवास, राजस्व कर संबधी समस्याएं एवं अन्य नागरिक सुविधाओं से संबंधित शिकायतें प्राप्त की गईं, जिनमें से अधिकांश समस्याओं का तत्काल समाधान किया गया तथा शेष मामलों को शीघ्र निराकरण हेतु संबंधित विभागों को सौंपा गया.साथ ही स्वस्थ विभाग का शिविर भी लगाया गया जिसमें 100 से अधिक जांचे की गई. आयुष्मान कार्ड बनाए गए. इस दौरान विदिशा विधायक मुकेश टंडन ने कहा कि नगरपालिका परिषद बहुत अच्छा काम कर रही नपा अध्यक्ष जी शहर कामों की चिंता लगातार कर रही है शहर मुख्य सडकों के डामरीकरण के काम भी शुरू हो गए हैं और बचें हुए काम भी जल्द शुरू होगे.नगरपालिका अध्यक्ष प्रीतिराकेश शर्मा ने कहा कि हमारा प्रयास है कि शहर सडकें जल्दी डल जाए और अच्छा सौन्दर्यीकरण हो हमारा शहर साफ स्वच्छ दिखे ऐसे हम प्रयास कर रहे हैं.

## भाजपा सरकार में महिलाओं का अपमान और मानसिक उत्पीड़न बढ़ा-कांग्रेस नेत्रियों का आरोप

नवभारत न्यूज

**विदिशा, विधानसभा क्षेत्र के प्रत्येक ग्राम में शीघ्र ही सघन दौरा कार्यक्रम प्रारंभ किया जाएगा. यह जानकारी पूर्व जिला पंचायत सदस्य सुहासिनी बोहत एडबोकेट एवं डॉ. वसुंधरा बोहत चंदेलिया, राष्ट्रीय अध्यक्ष महात्मा गांधी स्वच्छता प्रहरी संरक्षण कांग्रेस ने संयुक्त रूप से दी. दोनों कांग्रेस नेत्रियों ने बताया कि भाजपा सरकार के कार्यकाल में क्षेत्र की स्थिति चिंताजनक हो गई है, विशेषकर महिलाओं और बच्चों के साथ हो रहे व्यवहार को लेकर जनता में भारी आक्रोश है.**कांग्रेस नेत्रियों ने आरोप लगाया कि भारतीय जनता पार्टी की सरकार और उसके स्थानीय विधायक तथा वन मंत्री द्वारा लगातार महिलाओं को अपमानित किया जा रहा है.सरकार द्वारा लाड़ली बहना योजना के तहत दिए जा रहे 1500 रुपये को लेकर भाजपा नेताओं का रवैया महिलाओं के आत्मसम्मान को ठेस पहुंचाने वाला है. इसी मानसिक उत्पीड़न और अपमानजनक व्यवहार के विरोध में सुभाषिनी बोहत, पूर्व नेता प्रतिपक्ष जिला पंचायत, एवं डॉ. वसुंधरा बोहत द्वारा कुरवाई विधानसभा क्षेत्र की माता-बहनों से सीधे संपर्क कर उनकी पीड़ा सुनी जाएगी.

## उज्जवला में फ्री कनेक्शन,सिलेंडर भरवाने नहीं आ रहे उपभोक्ता

**गांव में अब भी लकड़ी कंडों पर ही पक रहा है खाना**

**योजना की बाजार में बिक गई टंकियां**




नवभारत न्यूज

**विदिशा, प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना के तहत देश में 25 लाख नए गैस कनेक्शन गरीब अतिगरीब लोगों को दिए जाने हैं जिसको लेकर शुक्रवार को विदिशा में नोडल एजेंसी इंडेन गैस कंपनी के अधिकारियों ने बताया कि 673 गैस कनेक्शन जो पुराने पेंडिंग थे उनकी ईकेवायसी करा ली गई है. गरीब परिवारों को कम दामों पर गैस सिलेंडर मुहैया कराने के लिए केंद्र सरकार ने एक बार फिर उज्वला योजना शुरू की है. पहले जो लोग कनेक्शन नहीं ले पाए थे उनके लिए फिर कनेक्शन लेने का मौका मिला है.**

विदिशा जिले में वर्तमान में 1 लाख 92 हजार कनेक्शन सक्रिय है. इस बार सहरिया जनजाती एवं धरती आभा परिवारों के लिए 10 हजार 500 का लक्ष्य रखा गया है.आयल कंपनियों के वरिष्ठ अधिकारियों ने भारत सरकार की प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना को लेकर प्रेस वार्ता रखी.मुख्य प्रबंधक भोपाल इंडेन मंडल कार्यालय की इति टंडन, जिला नोडल अधिकारी एवं विक्रय अधिकारी इंडियन ऑयल कॉर्पोरेशन लिमिटेड की ईशा पाटिल, कल्पेश मौर्य , कनिष्ठ खाद्य आपूर्ति अधिकारी एवं डीएसओ प्रभारी मिताली मेहरा उपस्थित रहीं. अधिकारियों ने बताया कि इस निर्णय से आर्थिक रूप से कमजोर परिवारों की महिलाओं को स्वच्छ, सुरक्षित और किफायती रसोई ईंधन उपलब्ध कराने की दिशा में सरकार की प्रतिबद्धता और मजबूत हुई है. अधिकारियों ने बताया कि वे गरीब परिवारों की वयस्क महिलाएं पात्र होंगी, जिनके परिवार के किसी भी सदस्य के नाम पर पहले से एलपीजी कनेक्शन नहीं है. पात्रता का निर्धारण वंचना घोषणा पत्र के आधार पर किया जाएगा, जिसका सत्यापन जिला उज्ज्वला समिति द्वारा होगा.

### योजना की जमीनी हकीकत

उज्ज्वला योजना के तहत जिले में करीब 2 लाख से भी ज्यादा कनेक्शन दिए गए थे. जिनमें से अनेक उपभोक्ता तो गैस सिलेंडर को भरवाने ही नहीं पहुंचे.साफ तौर पर जिसका कारण ग्रामीण क्षेत्रों में फ्री मिल रही लकड़ी है.वहीं कुछ उपभोक्ताओं ने बाजार में योजना की टंकियां ही बेंच दी.

## मकान पर डाला छापा, लाखों की शराब पकड़ी

नवभारत न्यूज

**गंजबासौदा,** ईदगाह रोड पर अवैध शराब का कारोबार करने वाले के मकान पर आपकारी विभाग द्वारा छापामारी कार्रवाई कर लाखों रुपए की शराब जप्त की गई.प्राप्त जानकारी के अनुसार यह शराब किसी ठेकेदार से ही खरीदी गई थी और स्टॉक कमरे में किया गया था यहां से आसपास के गांव कस्बा मैं भेजी जाती थी यह कारोबार लंबे समय से चल रहा था.मुखबिर की सूचना पर आबकारी विभाग तथा पुलिस के सहयोग से करवाई को अंजाम दिया गया लाल पत्थर, पर भी अवैध शराब का कारोबार खुलेआम चल रहा है. इसी प्रकार इंदिरा कॉलोनी में भी शराब गांजा अफीम तथा अन्य नशीली वस्तुओं का कारोबार खुलेआम चल रहा है प्रभावशाली लोग इस कारोबार के पीछे बताए जाते हैं उनके संरक्षण में यह गोरख धंधा चल रहा है बेरोजगार युवक परेशान है बेरोजगारी के कारण उन्हें इस धंधे में लगा दिया गया है.गंजबासौदा पुलिस लगातार छापामार कार्रवाई जगह जगह कर रही है.

## कब्रिस्तान की भूमि को कराया अतिक्रमण मुक्त

नवभारत न्यूज

**कुरवाई,** ग्राम जरगुवां में जिला वक्फ बोर्ड अध्यक्ष अय्यूब कुरैशी के नेतृत्व में एक सराहनीय कार्य संपन्न हुआ. ग्राम के खसरा क्रमांक 506 स्थित कब्रिस्तान की भूमि का विधिवत सीमांकन करवाकर उसे अतिक्रमण से मुक्त कराया गया.वर्षों से उपेक्षित पड़ी इस भूमि को सुरक्षित करने के लिए ग्रामवासियों ने जनसहयोग से जाली लगाकर फेंसिंग करवाई, जिससे कब्रिस्तान की सीमा स्पष्ट हो सकी. कब्रिस्तान परिसर में ट्यूबवेल का कार्य भी पूर्ण कराया गया. इस अवसर पर वक्फ बोर्ड जिला अध्यक्ष अय्यूब कुरैशी स्वयं उपस्थित रहे. उनके साथ ग्राम जरगुवां के सरपंच संजय राठौर , आसिफ खान, आरिफ खान, अबरार खान, राशिद भाई, राजा मियां, मुख्तार खान, तालिब खान एवं समरोज़ खान प्रमुख रूप से शामिल रहे.ट्यूबवेल लगने से कब्रिस्तान परिसर में जल की सुविधा उपलब्ध होगी, जिससे साफ-सफाई एवं रखरखाव में आसानी होगी. इस कार्य को लेकर ग्रामवासियों में विशेष उत्साह देखने को मिला.उपस्थित जनों ने अय्यूब कुरैशी के प्रयासों की सराहना करते हुए कहा कि ऐसे कार्य समाजहित और धार्मिक स्थलों की सुरक्षा के लिए अत्यंत आवश्यक हैं. कार्यक्रम सौहार्दपूर्ण वातावरण में संपन्न हुआ.

**धरना समाप्त** | **पूर्व विधायक समेत कई भाजपा नेताओं ने दिया दिलासा तब माने पार्षद**

## पार्षदों का धरना हुआ खत्म, विकास के बात पर बनी सहमति



नवभारत न्यूज

**विदिशा,** नपा की कार्यप्रणाली एवं शहर में विकास कार्य न होने से खफा नगरपालिका के पार्षद विभिन्न मांगों को लेकर नीमताल चौराहा स्थित गांधी प्रतिमा स्थल पर लंबे समय से धरनारत थे. इस आंदोलन को समाप्त किए जाने के तमाम तरह के प्रयास होते रहे लेकिन पार्षद विकास कार्य शुरू न होने की जिद पर अड़े रहे.अंतत: शहर में सड़कों के निर्माण कार्य शुरू हो चुके हैं. इसी के साथ ही शुक्रवार को पूर्व विधायक शशांक भार्गव, भाजपा नेता श्यामसुंदर शर्मा, नपाध्यक्ष प्रीति राकेश शर्मा, सीएमओ दुर्गेशसिंह,पूर्व नपाध्यक्ष ज्योति शाह आदि धरना स्थल पर पहुंचे और शहर में विकास कार्य शुरू होने सहित विभिन्न मांगों पर कार्य कराए जाने के लिए आश्वस्त किया इसी के साथ ही यह धरना आंदोलन अब 45 वें दिन समाप्त हो गया है.

नगरपालिका के शुरूआती दो वर्ष विकास कार्य को लेकर बेहतर रहे लेकिन इसके बाद नपा में जो खींचतान की स्थिति बनी वह लंबे समय चलती रही और इस मनमुटाव व खींचतान के बीच शहर का समूचा विकास रुक जाने से पार्षदों की भी चिंता बढ़ी उन्हें अपने वार्ड में समुचित कार्य न करा पाने की पीड़ा थी पर वे कुछ कर नहीं पा रहे थे और इसी कसमसाहट के चलते पार्षदों में आक्रोश बढ़ा और 11 नवंबर से गांधी प्रतिमा स्थल पर धरना आंदोलन शुरू कर दिया गया था। इस दौरान धरना स्थल पर आंदोलित पार्षद अपनी मांगों को लेकर विरोध प्रदर्शन करते रहे. पुतला दहन, भ्रष्टाचार की अर्थी, अर्द्धनग्न प्रदर्शन, मशाल जुलूस, बेतवा में जल सत्याग्रह आदि आंदोलन जारी रहे और आंदोलन को जनता का भी समर्थन मिलता रहा. कई बार राजनीतिक लोगों ने धरना प्रदर्शन को समाप्त करने का प्रयास भी किया, लेकिन पार्षद विकास कार्य शुरू न होने से पहले यह धरना प्रदर्शन समाप्त करने के पक्ष में नहीं रहे.

### सभी एकजुट होकर विकास कार्य में जुट जाएं

शशांक भार्गवधरना स्थल पर पहुंचे पूर्व विधायक शशांक भार्गव ने कहा कि विकास कार्यों को गति दिलाने के लिए पार्षद 45 दिन से धरने पर बैठे थे। सभी पार्षद पहले से एकजुट हैं और अब धरना समाप्त कर एकजुट होकर विकास कार्य में जुट जाएं. शहर में सिर्फ सड़कों के कार्य ही नहीं शहर में जल भराव भी बड़ी समस्या है. उन्होंने कहा कि शहर का विकास हो लेकिन व सुनियोजित तरीके से हो। ऐसा न हो जैसा कि मेरे घर के सामने वाली सड़क का कार्य हुआ. जिसमें पहले पेबर ब्लॉक लगाए, फिर उस सीसी कर दिया गया फिर दूसरे नपाध्यक्ष ने डामरीकरण कर दिया.

काम बेहतर हों और मेरा जब भी किसी तरह के सहयोग की जरूरत हो वे हमेशा सहयोग के लिए तैयार रहेंगे. धरना समाप्त कराने पहुंच नेताओं में नपाध्यक्ष प्रति शर्मा, नपाध्यक्ष प्रतिनिधि राकेश शर्मा, पूर्व नपाध्यक्ष ज्योति शाह, भाजपा नेता तेजिंदरसिंह बन्नू, सनातन श्री हिन्दू उत्सव समिति अध्यक्ष नितिन माहेश्वरी सहित अन्य लोगों ने भी संबोधित किया. इस दौरान समाजसेवी घनश्याम बंसल सहित अन्य प्रमुख लोग एवं धरनारत पार्षद मौजूद रहे.

## प्राण प्रतिष्ठा का आमंत्रण देने आए-अभिराज सिंह

नवभारत न्यूज

**पठारी,** पूर्व मंत्री भूपेंद्र सिंह के रुद्राक्ष धाम सागर में श्री हनुमान जी की भव्य प्रतिमा की प्राण प्रतिष्ठा एवं सप्त दिवसीय श्रीराम कथा समारोह का आयोजन होने जा रहा है. इस पावन धार्मिक आयोजन को लेकर क्षेत्र में धार्मिक उत्साह का माहौल बना हुआ है.आयोजन के निमंत्रण हेतु पूर्व सांसद राज बहादुर सिंह एवं सागर जिले के युवा नेता अभिराज सिंह ठाकुर ने पठारी के सिद्ध क्षेत्र श्री करेली धाम एवं बालाजी धाम बडोह बालाजी धाम के महंत विष्णु दास महाराज का आशीर्वाद लिया एवं आसपास के क्षेत्रों के मंदिर में पहुंचकर श्रद्धालुओं एवं गणमान्य नागरिकों से कार्यक्रम में शामिल होने का आग्रह किया. उन्होंने कहा कि यह आयोजन धार्मिक, सांस्कृतिक एवं आध्यात्मिक चेतना को सुदृढ़ करने वाला होगा. श्री हनुमान जी की प्रतिमा प्राण प्रतिष्ठा के साथ प्रतिदिन श्रीराम कथा का वाचन किया जाएगा.

## बंगला घाट पर 4 जनवरी को होगा विशाल हिंदू सम्मेलन

**आयोजन को लेकर निकाली झंडा यात्रा, भूमि पूजन संपन्न**

नवभारत न्यूज

**विदिशा, नर्मदा बस्ती में प्रस्तावित हिंदू सम्मेलन को लेकर शुक्रवार को झंडा यात्रा एवं भूमि पूजन कार्यक्रम श्रद्धा और उत्साह के साथ संपन्न हुआ.कार्यक्रम के अंतर्गत सुबह रायपुरा विद्यालय चौराहा से झंडा यात्रा प्रारंभ हुइ, जो निर्धारित मार्गों से होते हुए नगर क्षेत्र में भ्रमण करती हुई निकली.झंडा यात्रा में बड़ी संख्या में क्षेत्रवासी शामिल हुए.** यात्रा के दौरान जयघोष के साथ वातावरण धर्ममय बना रहा. इसके पश्चात बंगला घाट पर विधिवत मंत्रोच्चार के साथ भूमि पूजन कार्यक्रम संपन्न किया गया.उल्लेखनीय है कि सकल हिन्दू समाज द्वारा नर्मदा बस्ती का हिंदू सम्मेलन 4 जनवरी को आयोजित किया जाएगा. इसी क्रम में यह आयोजन किया गया.जिसका उद्देश्य सम्मेलन की सफलता के लिए जनजागरूकता एवं सहभागिता सुनिश्चित करना रहा. बताया गया कि इसके पूर्व ही नर्मदा बस्ती के 14 मोहल्लों में भारत माता की महाआरती होगी. कार्यक्रम के दौरान आयोजन समिति के पदाधिकारी राजाराम अहिरवार,प्रदीप शर्मा, वासु धनवानी,मनिंदरसिंह संधू, हेमंत दुबे,राजाराम राजपूत,अंतराम सेन, अरविंद शर्मा, सत्यम मीणा,अमित सक्सेना, कमलेश कुशवाह,अर्पित सैनी, नीलेश प्रजापति,हल्लू कुशवाह,निर्देश दिलेरीया आदि सामाजिक कार्यकर्ता एवं गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे.कार्यक्रम को लेकर क्षेत्र में विशेष उत्साह देखने को मिला तथा आयोजन शांतिपूर्ण एवं सुव्यवस्थित ढंग से संपन्न हुआ.